St. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD
KOLKATA – 700 019

FOR GOD AND COUNTRY

Hindi Grammar : (2nd Term) **(Worksheet –15)** **Date: 28.09.2020**
Topic: अपठित गदयांश **Class -3**

खेल मनोरंजन के सबसे पुराने तथा सस्ते साधन हैं | ये मनोरंजन के साथ - साथ हमें स्वस्थ और निरोगी भी रखते हैं | पुराने ज़माने में लोग जानवर की दौड़ , पक्षियों की लड़ाई , शतरंज , कुश्ती , तलवारबाज़ी तथा तीरंदाज़ी जैसे खेल खेलते थे | फिर धीरे - धीरे फुटबॉल, हॉकी और क्रिकेट जैसे खेल आए और आजकल वीडियो गेम , कम्प्यूटर गेम जैसे खेलों ने खेलने का तरीका ही बदल दिया है | पुराने ज़माने के खेल हमें शारीरिक और मानसिक रूप से मज़बूत बनाते थे लेकिन आजकल के कुछ खेल हमारे समय और शरीर की बरबादी का कारण बनते जा रहे हैं | अगर हम उन्हें भी ठीक ढंग से खेलें तो ये भी मनोरंजन के अच्छे साधन होने के साथ - साथ हमारे लिए लाभदायक हो सकते हैं |

अनुच्छेद पढ़कर प्रश्नो के उत्तर दो :-

1 खेलों से हमें क्या लाभ हैं ?

उ- खेल मनोरंजन के साथ - साथ हमें स्वस्थ और निरोगी भी रखते है |

2 पुराने ज़माने में लोग कौन - कौन से खेल खेलते थे ?

उ- पुराने ज़माने में लोग जानवरों की दौड़ , पक्षियों की लड़ाई , शतरंज , कुश्ती , तलवारबाज़ी तथा तीरंदाजी जैसे खेल खेलते थे |

3 आजकल कौन - कौन से खेल खेलें जा रहे हैं ?

उ-आजकल फुटबॉल , हॉकी , क्रिकेट , वीडियो गेम , कम्प्यूटर गेम जैसे खेल खेले जा रहे है |

4 पुराने ज़माने के खेलों से क्या लाभ था ?

उ - पुराने ज़माने के खेल हमें शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाते थे |

5 आजकल के खेलों से क्या हानि है ?

उ- आजकल के खेल हमारे समय और शरीर की बरबादी का कारण बन रहे हैं, क्योंकि ये खेल एक जगह बैठकर खेले जाते हैं |

खाली जगह भरो :-

6 खेल **मनोरंजन** के पुराने साधन है |

7 खेल हमें स्वस्थ और **निरोगी** भी रखते है |

8 अनुच्छेद का उपयुक्त शीर्षक बताओ :-

उ- अनुच्छेद का उपयुक्त शीर्षक हैं - '**खेल मनोरंजन का साधन** '

दो विशेषण छाँटकर लिखो :-

9 **पुराना**

10 **सस्ता**

विलोम शब्द लिखो :-

11 शारीरिक **- मानसिक**

12 स्वस्थ - **अस्वस्थ**

13 वचन बदलो :-

पक्षियों = **पक्षी**

14 दो पर्यायवाची शब्द लिखो :-

शरीर - **तन , काया**

15 वाक्य बनाओ :-

लाभदायक = व्यायाम हमारे लिए बहुत **लाभदायक** है |

Poonam Mehra